महत्वपूर्ण एवं खास

स्कूटी से गिरकर घायल हुई महिला को डॉयल 112 ने पहुंचाया अस्पताल

रायगढ़। सुबह करीब 07:45 बजे लैलूंगा राइनो को ग्राम झगरपुर फिटिंग पारा स्कूल के पास मोटर सायकल में टकराकर स्कूटी सवार महिला सड़क पर गिरकर बेहोश हो जाने से महिला की मदद के लिये ग्रामीणों द्वारा डॉयल 112 का कॉल किया गया। थाना लैलूंगा अंतर्गत चलाने वाली डॉयल 112 के लैलूंगा राइनो-1 को रोड़ एक्सीडेंट पर "मेडिकल इमरजेंसी" का इवेंट मिलने पर तत्काल मौके पर पहुंचे। जहां मौजूद लोगों में तुलेश्वर यादव पिता नानी यादव उम्र 20 साल ग्राम झगरपुर फिटिंग पारा, लैलूंगा बताया कि अपने मोटर सायकल प्लेटिना से लैलूंगा की ओर जा रहा था स्कूल के पास महिला हजारा बेगम (उम्र करीब 65 साल) स्कूटी चलाते आ रही थी जो मोटर सायकल से टकरा गई और जिसके पैर में चोट आया है। डॉयल 112 स्टाफ आरक्षक चमार साय भगत एवं ERV वाहन के चालक कांति राठिया द्वारा घायल को वाहन से सीएचसी लैलूंगा भर्ती कराया गया, महिला के पैर में फैक्चर है।

आंगनबाड़ी सहायिका पद के लिए 24 दिसम्बर तक दावा-आपत्ति आमंत्रित

रायगढ़। एकीकृत बाल विकास परियोजना रायगढ़ (ग्रामीण) अंतर्गत आंगनबाड़ी केन्द्र पंझर, देलारी तथा संबलपुरी में आंगनबाड़ी सहायिका पद के लिए आवेदन मंगाये गये थे। प्राप्त आवेदनों का मूल्यांकन समिति द्वारा परीक्षण कर प्राविधिक/अनंतिम मूल्यांकन पत्रक प्रकाशित कर परियोजना कार्यालय के सूचना पटल पर चस्पा किया गया है। उक्त सूची के संबंध में किसी भी आवेदिका को कोई आपत्ति हो तो वे 24 दिसम्बर 2022 सायं 5 बजे तक परियोजना अधिकारी, एकीकृत बाल विकास परियोजना रायगढ़ (ग्रामीण) के कार्यालय में लिखित में दावा-आपत्ति आवेदन प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा-आपत्ति मान्य नहीं होगा।

जिला बाल संरक्षण की त्रैमासिक समीक्षा बैठक 20 दिसम्बर को

रायगढ़। महिला एवं बाल विकास विभाग अंतर्गत संचालित मिशन वात्सल्य योजना के तहत जिला बाल संरक्षण इकाई की त्रैमासिक समीक्षा बैठक 20 दिसम्बर 2022 को दोपहर 01 बजे से कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आहूत की गयी है।

तहसीलदार एवं नायब तहसीलदार की हुई नवीन पदस्थापना

सारंगढ़-बिलाईगढ़। छत्तीसगढ़ शासन राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग मंत्रालय द्वारा जारी आदेशानुसार कलेक्टर डॉ.फरिहा आलम सिद्दकी ने प्रशासनिक दृष्टिकोण से तथा कार्यालयीन कार्य को सुचारू रूप से संपादित किए जाने हेतु तहसीलदार एवं नायब तहसीलदार को अस्थायी तौर पर आगामी आदेश पर्यन्त नवीन स्थान में पदस्थापना हेतु आदेश जारी किया है। इनमें तहसीलदार सिद्धार्थ अनंत को तहसील सारंगढ़ में पदस्थ किया गया है। इसी तरह नायब तहसीलदार अर्पण कुमार कुर्रे को उप तहसील कोसीर, नायब तहसीलदार बंदेराम भगत को प्रभारी तहसीलदार तहसील बरमकेला एवं तहसीलदार शनिकुमार पैंकरा को तहसील सरिया में पदस्थ किया गया है।

कोल माइंस से बिना एंट्री वाहनों के जरिए कोयले चोरी का भांडाफोड़

कोयला चोरी में लिप्त डिप्टी रेंजर, सिक्योरिटी एजेंसी का सुपरवाइजर व गार्ड समेत 6 आरोपी गिरफ्तार

❐ **आरोपियों से8,00,000 रुपए का कोयला समेत 2 ट्रेलर वाहन जब्त, आरोपियों को भेजा गया रिमांड पर**

रायगढ़। जिले के कॉल माइंस से खनिज रॉयल्टी देकर उद्योगों को विक्रय किए जाने वाले बहुमूल्य खनिज कोयले को माइंस से बिना एंट्री वाहनों के जरिए निकालकर चोरी की शिकायत को एसपी अभिषेक मीणा गंभीरता से लेते हुए तत्काल एडिशनल एसपी संजय महादेवा, डीएसपी हेड क्वाटर बेनेडिक्ट मिंज, थाना प्रभारी पूंजीपथरा निरीक्षक जितेन्द्र एसैया को शीघ्र माल मुल्जिम की पतासाजी कर इस अवैध कारोबार में लिप्त आरोपियों का पतासाजी का निर्देश दिये जिस पर #पूंजीपथरा पुलिस के हाथ बड़ी सफलता आयी है। पूंजीपथरा पुलिस द्वारा थाना तमनार अंतर्गत अंबुजा सीमेंट लिमिटेड गारे पलमा IV/8 कोल माइन्स से बिना एंट्री कोयला लोड़ वाहनों को बाहर निकालकर कोयले को अवैध रूप से बिक्री करने के खेल में संलिप्त 6 आरोपियों को पकड़ा गया है, जिसमें एक क्षेत्र का डिप्टी रेंजर है। आरोपियों से पुलिस ने 2 ट्रेलर वाहन जिसमें 8 लाख रूपये का कोयला लोड़ है की जप्ती कर आरोपियों को चोरी के अपराध में गिरफ्तार कर रिमांड पर भेजा गया है।

जानकारी के मुताबिक कल दिनांक 13.12.2022 को थाना तमनार अंतर्गत अंबुजा सीमेंट लिमिटेड गारे पलमा IV/8 कोल माइन्स के सुरक्षा अधिकारी अभय मिश्रा (26 साल) ने थाना पूंजीपथरा आकर थाना प्रभारी निरीक्षक जितेंद्र एसैया को बताए कि कोल माइंस की सुरक्षा में लगी सिक्योरिटी गार्ड कंपनी एसआईएस के कर्मचारी बिना एंट्री कोयला लोड़ वाहनों को माइंस से निकालकर कोयला बेचा जा रहा है। दिनांक 11/12/2022 के दरमियानी रात कोल माईंस से ट्रेलर क्रं0 OD 15 S- 3252 एवं OD 23 L- 3899 में निकला कोयला पूंजीपथरा क्षेत्र के तमनार चौंक पर खड़े होने का पता चला है। इस संबंध में कोल माइन्स के सुरक्षा अधिकारी के आवेदन पर थाना पूंजीपथरा में दोनों वाहन के चालक तथा सिक्योरिटी कंपनी एसआईएस के दो कर्मचारियों पर चोरी का अपराध दर्ज कर टीआई पूंजीपथरा द्वारा मामला पुलिस अधीक्षक महोदय के संज्ञान में लाया गया जिनके दिशा निर्देशन एवं महत्वपूर्ण मार्गदर्शन पर थाना प्रभारी पूंजीपथरा टी.आई. जितेंद्र एसैया हमराह स्टाफ के साथ तत्काल गारे पलमा माईंस पहुंचे, माइंस के सुरक्षाकर्मियों के संबंध में कर्मचारियों से पूछताछ कर वाहन के संबंध में अपने मुखबिर से जानकारी जुटाए। माइंस से बिना एंट्री कोयला चोरी कर निकली 2 ट्रेलर वाहन OD 15 S- 3252 एवं OD 23 L- 3899 को पूंजीपथरा पुलिस पूंजीपथरा क्षेत्र के तमनार चौक पर घेराबंदी कर पकड़े। हिरासत में लिये गये ट्रेलर वाहन के चालक-आरोपी मिथिलेश पासवान और योगेश कुमार राठिया से थाना प्रभारी द्वारा विस्तृत पूछताछ कर अपनी जांच को आगे बढ़ाए। आरोपियों से उन्हें जानकारी मिला की चोरी के इस खेल में प्रमुख व्यक्ति डिप्टी रेंजर विनोद तिग्गा है जो वाहन उपलब्ध कराने से लेकर माईंस के सिक्योरिटी कंपनी एसआईएस के सुपरवाइजर डोनाल्ड केरकेट्टा और सिक्योरिटी गार्ड के कमांडर मनोज कुमार साहू, वाहन चालक योगेश राठिया और सुभाष गुप्ता के साथ सांठगांठ कर माइंस से बिना एंट्री कर वाहनों को बाहर निकालते और उन्हें अवैध रूप से क्षेत्र में खपाया करते हैं। पुलिस टीम योजनाबद्ध तरीके से अन्य आरोपी विनोद तिग्गा, डोनाल्ड केरकेट्टा, मनोज कुमार साहू, सुभाष गुप्ता को गिरफ्तार किया गया जिनका कोयला चोरी में संलिप्त पाया गया। गिरफ्तार मिथिलेश पासवान और योगेश कुमार राठिया से दो ट्रेलर वाहन में लोड 36-36 टन कोयला 4- 4 लाख कुल कीमत रु.8,00,000 का कोयला मय ट्रेलर वाहन जप्त कर आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। संपूर्ण कार्यवाही में थाना प्रभारी पूंजीपथरा निरीक्षक जितेंद्र एसैया, सहायक उपनिरीक्षक जयराम सिदार, आरक्षक बालचंद राव, धर्मेंद्र सिंह के साथ थाना पूंजीपथरा स्टाफ की अहम भूमिका रही है। पुलिस अधीक्षक अभिषेक मीणा द्वारा जिले के समस्त थाना प्रभारियों को सूचना संकलन सुदृझा कर कोयले के अवैध परिवहन और चोरियों पर प्रभावी कार्रवाई करने के निर्देश दिया गया है।

गिरफ्तार आरोपी -

(1) मिथिलेश पासवान पिता विष्णु प्रसाद पासवान उम्र 32 साल निवासी सुंदरगंज थाना रोहतास जिला रोहतास बिहार

(2) डोनाल्ड केरकेट्टा पिता प्रकाश केरकेट्टा 38 साल निवासी टोंगो थाना सोनक्यारी जिला जशपुर हाल मुकाम बाजरमुडा थाना तमनार

(3) मनोज कुमार साहू पिता स्वर्गीय दरस राम साहू उम्र 33 साल निवासी मोहतरा थाना सरसीवा जिला सारंगढ़ बिलाईगढ़ हाल मुकाम बजरमुडा थाना तमनार

(4) विनोद तिग्गा पिता जॉन तिग्गा उम्र 38 साल निवासी आमाघाट थाना तमनार

(5) योगेश कुमार राठिया पिता चैतराम राठिया उम्र 29 साल निवासी झिंगोल थाना तमनार

(6) सुभाष गुप्ता पिता त्रिलोचन गुप्ता उम्र 28 साल निवासी आमाघाट थाना तमनार

जप्त सम्पत्ति-

ट्रेलर वाहन OD 15 S- 3252 एवं OD 23 L- 3899 में लोड कोयला 36-36 टन कोयला मय वाहन कुल कीमत करीब रु.48,00,000

कांग्रेस नेता की दिनदहाड़े गोली मारकर हत्या

बिलासपुर (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ के बिलासपुर जिले के सकरी में कांग्रेस नेता की दिनदहाड़े गोली मारकर हत्या कर दी गई है। अपनी कार से जा रहे कांग्रेस नेता संजीवा त्रिपाठी को बदमाशों ने रास्ते में रोककर गोलियों से भून दिया और फरार हो गए। पुलिस इस मामले में जांच कर रही है।

जानकारी के मुताबिक कांग्रेस के जिला महामंत्री संजीव त्रिपाठी बुधवार दोपहर को सकरी बाइपास की तरफ से कहीं जान रहे थे। इसी दौरान बदमाशों ने पहले उन्हें रोका। फिर उनके सिर पर गोलियां दाग दीं। घटना के वक्त आस-पास कुछ लोग मौजूद थे। मगर वह कुछ कर पाते इसके पहले ही बदमाश मौके से भाग निकले। आस-पास के लोगों ने ही पुलिस को इस घटना की सूचना दी थी। जिसके बाद एसएसपी पारुल माथुर समेत पुलिस के सीनियर अधिकारी मौके पर पहुंचे हुए हैं। परिजनों को भी इस बारे में जानकारी दे दी गई है। कहा जा रहा है कि बदमाशों ने अपना चेहरा ढंक रखा था। जिसके चलते उनकी पहचान नही हो पाई। पुलिस ने मौके से गोलियों के टुकड़े बरामद किए हैं। फॉरेंसिक की टीम को भी बुलाया गया है। बताया जा रहा है कि यह पूरी वारदात जमीन विवाद को लेकर हुई है। मिली जानकारी के अनुसार हमलावार दो कारो में सवार होकर आये थे और संजीव त्रिपाठी को गोली मारने के बाद एक कार रायपुर की ओर तथा दूसरी कार दूसरी दिशा में निकलने की खबर है। इस ससनीखेज वारदात के पीछे पुरान रंजिश होने का अंदेशा व्यक् किया जा रहा है और पूर्व में संजीव त्रिपाठी पर कई गंभीर आरोप लग चुके है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है।

पिकअप चोरी के आरोपी आए जूटमिल पुलिस के हाथ

❐ **आरोपी ने 2 दिन पहले कोड़ातराई से चोरी की थी पिकअप**

रायगढ़। जूटमिल पुलिस द्वारा 2 दिन पहले कोड़ातराई से चोरी हुए पिकअप वाहन के आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। आरोपी क्षेत्र के आदतन बदमाश है जो पूर्व में भी चोरी के अपराध में चालान हुए हैं। पिकअप चोरी को लेकर दिनांक 12.12.2022 को पुलिस चौकी जूटमिल में कोड़ातराई में रहने वाले सुशील कुमार साव द्वारा कोड़ातराई उनके दुकान सामने से उनके पिकअप क्रमांक सीजी 13 एल 2968 को 11-12/12/2022 के दरमियानी रात कोई अज्ञात चोर चोरी कर ले जाने की रिपोर्ट दर्ज कराया गया था। चौकी जूटमिल में अज्ञात आरोपी पर वाहन चोरी का अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

माल मुल्जिम की पतासाजी दौरान सायबर सेल/ चौकी प्रभारी जूटमिल उपनिरीक्षक कमल किशोर पटेल द्वारा घटनास्थल के आसपास सीसीटीवी फुटेज चेक कर अपने मुखबिरों से जानकारी लिये जिस पर घटना दिनांक की रात्रि क्षेत्र के आदतन चोर अनिल मिर्धा और अजय चौहान को देखे जाने की सूचना मुखबिरों से मिली। दोनों की जानकारी लेने पर दोनों घर से नदारद मिले, पुलिस दोनों पर निगाह रखे हुए थी कि आज दोपहर अमलीभौना के पास दोनों संदेही पिकअप को बिक्री के लिए लोगों से चर्चा करते देखे गए। चौकी प्रभारी के नेतृत्व में तत्काल चौकी जूटमिल के उपनिरीक्षक आर.एस. नेताम के हमराह स्टाफ मौके पर जाकर घेराबंदी कर दोनों संदेही अनिल मिर्धा अजय चौहान को हिरासत में लेकर चौकी लाया गया। दोनों से हिक्मत अमली से पूछताछ करने पर अपराध स्वीकार कर किए जिनके मेमोरेंडम बयान पर छिपा कर रखे हुए पिकअप वाहन सीजी 13 L- 2968 कीमत 2.50 लाख रुपए को बरामद कर आरोपी (1) अनिल मिर्धा पिता कृष्ण मिर्धा उम्र 32 साल मिट्ठुमुड़ा दुर्गाचौक सुरेश यादव का मकान चौकी जूटमिल (2) अजय चौहान पिता स्वर्गीय साहेब लाल चौहान उम्र 28 साल सोनुमुड़ा बजरंगडिपा बुजु सोनकर का मकान चौकी जूटमिल को वाहन चोरी के अपराध में गिरफ्तार कर गिरफ्तारी की सूचना उसके परिजनों को दी गई है। माल मुल्जिम पतासाजी में सायबर सेल/ चौकी प्रभारी जूटमिल उपनिरीक्षक कमल किशोर पटेल के नेतृत्व में चौकी जूटमिल के उपनिरीक्षक आर.एस. नेताम आरक्षक बनारसी सिदार, धनुर्जयचंद बेहरा, विनय तिवारी की अहम भूमिका रही है।

बालक अरपित के लिए वरदान बना मुख्यमंत्री विशेष स्वास्थ्य सहायता योजना

❐ **सिकलसेल एनीमिया से ग्रसित था बालक अरपित, बीमारी की गंभीरता और मुख्यमंत्री की संवेदनशीलता से 18 लाख की मिली थी स्वीकृति**

रायगढ़। पुसौर निवासी जय नारायण नायक एवं उनकी पत्नी संध्या नायक खेती-किसानी करके अपना जीवन-यापन कर रहे थे, तभी उनके जीवन में हस्ता-खिलखिलाता एक नन्हा बालक अरपित ने जन्म लिया और उनके घर-आंगन को खुशियों से भर दिया। बालक धीरे-धीरे बढऩे तो लगा लेकिन उसका शरीर सुखने लगा, उसे सांस लेने में तकलीफ होने लगी और वह अक्सर थकान व कमजोरी महसूस करता था। माता-पिता को उसकी हालत देखकर चिंता सताने लगी और उन्होंने अपने स्तर से अस्पताल में जाकर उसका इलाज करवाया तो पता चला कि उनका बालक अरपित सिकलसेल एनीमिया से ग्रसित था। डॉक्टरों ने बताया कि बोन मैरो ट्रांसप्लांट से उनका बेटा पूरी तरह से स्वस्थ हो जायेगा, लेकिन उसके इलाज के लिए लाखों रुपये की जरूरत पड़ेगी। उनके पास इतनी बड़ी रकम नहीं थी कि उनके बेटे का वे इलाज करा सके। इस बात को सुनकर कृषक जय नारायण एवं उनकी पत्नी संध्या के घर-आंगन की खुशियां जैसे मातम में बदल गयी थी। बेटे अरपित का चेहरा देखकर माता-पिता के आंखों में हर वक्त आंसू टपक रहे थे। तभी उन्हें मुख्यमंत्री विशेष स्वास्थ्य सहायता योजना की जानकारी प्राप्त हुयी और इस योजना से उन्हें 18 लाख रुपये की सहायता राशि मिली, जिससे बालक अरपित का सफल इलाज हुआ। अरपित लगभग 6 वर्ष का हो गया है और वह पूरी तरह से स्वस्थ है। कृषक जय नारायण एवं उनकी पत्नी संध्या ने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को अपना धन्यवाद ज्ञापित किया और कहा कि मुख्यमंत्री विशेष स्वास्थ्य सहायता योजना उनके बेटे अरपित के लिए वरदान साबित हुई।

उल्लेखनीय है कि राज्य शासन द्वारा प्रदेश के नागरिकों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने के लिए मुख्यमंत्री विशेष स्वास्थ्य सहायता योजना प्रारंभ की गई है। पूर्व से चल रही संजीवनी सहायता राशि का विस्तार करते हुये प्रदेश के प्राथमिकता एवं अंत्योदय राशन कार्डधारी परिवारों को दुर्लभ एवं गंभीर बीमारियों के नगद रहित उपचार लाभ दिलाने की दिशा में यह एक महत्वपूर्ण कदम है। पूर्ववर्ती सरकार द्वारा संचालित योजना में अधिकतम 03 लाख रूपये तक ही की सहायता राशि प्रदान की जाती थी। अब प्रदेश के निवासियों को इस महत्वकांक्षी योजना के माध्यम से अधिकतम 20 लाख रूपये तक की मदद मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के अनुमोदन से प्रदान की जा सकेगी। मुख्यमंत्री विशेष स्वास्थ्य सहायता योजना का लाभ ज्यादा से ज्यादा लोगों को मिल सके तथा छत्तीसगढ़ एक सुदृढ़ राज्य के रूप में विकसित हो इसके लिए स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग तत्पर है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.मधुलिका सिंह ठाकुर एवं जिला कार्यक्रम प्रबंधक सुश्री रंजना पैंकरा ने जिलेवासियों को ऐसे दुर्लभ एवं गंभीर बीमारियों के लिए इस योजना का लाभ लेने हेतु आग्रह किया है।

वार्ड क्रमांक 27 उप निर्वाचन : डिप्टी कलेक्टर कंवर सहायक रिटर्निंग आफिसर नियुक्त

रायगढ़। नगर पालिक निगम रायगढ़ वार्ड क्रमांक 27 उप निर्वाचन 2022 के लिए 16 से 23 दिसम्बर 2022 तक नाम निर्देशन पत्रों को प्राप्त किया जाना है एवं 24 दिसम्बर को संवीक्षा तथा 26 दिसम्बर 2022 तक अभ्यर्थी द्वारा नाम वापसी एवं विधिमान्य नाम निर्दिष्ट अभ्यर्थियों की सूची तैयार करने एवं उससे संबंधित अन्य कार्य करने तथा निर्वाचन लडऩे वाले पार्षद के अभ्यर्थियों का निर्वाचन अभिकर्ता नियुक्ति हेतु डिप्टी कलेक्टर शिव कुमार कंवर को सहायक रिटर्निंग आफिसर नियुक्त बनाए गए है तथा जिले में पदस्थ अन्य कर्मचारियों को संलग्न किया गया है। जिनमें सहायक ग्रेड-2 सत्येन्द्र मेहर को अभ्यर्थियों से संबंधित आवश्यक जानकारी प्राप्त करने एवं पत्र, निर्देश व अन्य आवश्यक दस्तावेज उपलब्ध कराने हेतु दायित्व सौंपा गया है। इसी तरह सहायक ग्रेड-3 गोपाल यादव को नाम निर्देशन पत्र प्राप्त कर पंजीकरण रसीद एवं प्रपत्र आदि का प्रदाय/निक्षेप राशि प्राप्त करना एवं निर्वाचन अभिकर्ता की नियुक्ति, मनोज कुमार पटेल राजस्व निरीक्षक (नजूल)को मतदाता सूची का अवलोकन एवं निर्वाचन अभिकर्ताओं की नियुक्ति, मिथुन देवांगन डाटा एंट्री ऑपरेटर तहसील कार्यालय रायगढ़ को स्केनिंग, कम्प्यूटर से संबंधित समस्त कार्य तथा भृत्य हरिनारायण यादव को आवश्यक सहयोग प्रदाय करने हेतु दायित्व सौंपा गया है।

रायगढ़ के विशेषज्ञ चिकित्सक प्रत्येक माह के दूसरे बुधवार को धरमजयगढ़ सिविल अस्पताल में देंगे सेवा

❐ **स्वास्थ्य सेवाओं के सुदृढ़ीकरण हेतु जिला प्रशासन की पहल**

❐ **विशेषज्ञ चिकित्सकों के द्वारा आज पंजीकृत कुल 758 लोगों का किया गया जांच एवं उपचार**

रायगढ़। कलेक्टर रायगढ़ के निर्देशानुसार सीएमएचओ डॉ.मधुलिका सिंह ठाकुर एवं जिला कार्यक्रम प्रबंधक सुश्री रंजना पैंकरा के मार्गदर्शन में सिविल अस्पताल धरमजयगढ़ में स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ीकरण करने के लिये जिला चिकित्सालय रायगढ़ के विशेषज्ञ/ चिकित्सक/कर्मचारी की ड्यूटी प्रत्येक माह के द्वितीय बुधवार को एक दिवस के लिये सिविल अस्पताल धरमजयगढ़ में कार्य करने हेतु आदेशित किया गया है। जिसके तहत आज सिविल अस्पताल-धरमजयगढ़ रायगढ़ में किरोड़ीमल शासकीय जिला चिकित्सालय रायगढ़ के डॉ संजय अग्रवाल रेडियोलॉजिस्ट/सोनोलॉजिस्ट, डॉ उपमा पटेल स्त्रीरोग विषेषज्ञ, डॉ.आकाश पण्डा आर्थोलॉजीस्ट, डॉ.प्रकाश चेतवानी मनोरोग चिकित्सा अधिकारी चिकित्सक अपने मुख्यालय से 100 कि.मी की दूरी पर धरमजयगढ़ विकासखंड में वनांचल दूर्लभ स्थान पर पूर्वान्ह 11 बजे से सायं 5 तक स्वास्थ्य सेवा देकर ग्रामीण जनों के स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ किया है। विशेषज्ञ चिकित्सकों के द्वारा पंजीकृत कुल 758 लोगों को जांच एवं उपचार किया गया। जिनमें से पुरूष-133, महिला-625, एनसीडी जांच की कुल ओपीडी-194, सामान्य रोग-कुल ओपीडी-143, स्त्रीरोग विशेषज्ञ- 141, हड्डी रोग विशेषज्ञ-47, मनोरोग विशेषज्ञ-10, रेडियोलॉजिस्ट-45 लोगों का इलाज कर गंभीर मरीजो को आवश्यकतानुसार जिला चिकित्सालय रायगढ़ में इलाज कराने हेतु समझाईश दिया गया।

हस्तशिल्प विकास बोर्ड द्वारा इंटीग्रेटेड डिजाईन एण्ड टेक्नीकल डेव्हलपमेंट प्रोजेक्ट बेलमेटल क्राफ्ट कार्यक्रम आयोजित

रायगढ़। छ.ग.लोक सेवा आयोग से चयनित वर्ष 2020 बैच के नव नियुक्त 16 डिप्टी कलेक्टरों का परिचयात्मक प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। जिसके तहत अध्ययन भ्रमण एवं छत्तीसगढ़ दर्शन प्रवास के दौरान तय भ्रमण कार्यक्रम अनुसार विकास आयुक्त (हस्तशिल्प) भारत सरकार, वस्त्र मंत्रालय नई दिल्ली से स्वीकृत छ.ग. हस्तशिल्प विकास बोर्ड रायगढ़ द्वारा ''इंटीग्रेटेड डिजाईन एण्ड टेक्नीकल डेव्हलपमेंट प्रोजेक्ट बेलमेटल क्राफ्ट" अनुसूचित जाति वर्ग के 40 शिल्पकारों का डिजाईन ट्रेनिंग वर्कशॉप ग्राम धनुहारडेरा-एकताल वि.खं. पुसौर जिला रायगढ़ में किया जा रहा है। प्रशिक्षण कार्यक्रम 7 अक्टूबर से संचालित है जो कि आगामी 6 जनवरी 2023 कुल 75 दिवस का रहेगा। जिसका अवलोकन, अध्ययन, तैयार प्रोटोटाईप कलाकृतियों का ढ़लाई कार्य का प्रत्यक्ष अवलोकन एवं शिल्पग्राम एकताल के बेलमेटल हस्तशिल्प के क्षेत्र में शिल्पगुरू पुरस्कार, राष्ट्रीय पुरस्कार, राज्यस्तरीय पुरस्कार प्राप्त एवं ग्रामीण शिल्पकारों के बस्ती में उनके घर-घर जाकर भेंट मुलाकात कलाकृति निर्माण की विधियों, विक्रय एवं उनके समस्याओं को अच्छे से सुनने समझने के साथ ही शिल्पकारों द्वारा निर्मित कलाकृतियों का खरीददारी भी किया गया एवं शिल्पकारों को अनेकों अच्छे सुझाव भी दिये गये।

बेलमेटल हस्तशिल्प ग्राम एकताल एवं धनुहारडेरा का अध्ययन भ्रमण प्रवास कार्यक्रम में सुश्री आस्था बोरकर डिप्टी कलेक्टर जिला कांकेर, शिल्पा देवांगन डिप्टी कलेक्टर जिला राजनांदगॉव, मिशा कोशले डिप्टी कलेक्टर जिला महासमुन्द, आषुतोष कुमार देवांगन डिप्टी कलेक्टर जिला रायपुर, नितीन तिवारी डिप्टी कलेक्टर जिला बलौदाबाजार-भांटापारा, अमीय श्रीवास्तव डिप्टी कलेक्टर जिला राजनांदगांव, पियुष तिवारी डिप्टी कलेक्टर जिला बिलासपुर, विकास कुमार चौधरी डिप्टी कलेक्टर जिला कोरबा, नीतिश वर्मा डिप्टी कलेक्टर जिला गौरेला पेण्ड्रा मरवाही, सुश्री आकांक्षा नायक डिप्टी कलेक्टर जिला कबीरधाम, निरज कौशिक डिप्टी कलेक्टर जिला सरगुजा, सुश्री प्रियंका रानी गुप्ता डिप्टी कलेक्टर जिला सूरजपुर, प्रितेश सिंह राजपूत डिप्टी कलेक्टर जिला कोरिया, प्रदीप कुमार राठिया डिप्टी कलेक्टर जिला जशपुर तेजपाल सिंह धुरव डिप्टी कलेक्टर जिला धमतरी, मुकेश कुमार ग ैंड़ डिप्टी कलेक्टर जिला दक्षिण बस्तर दंतेवाड़ा एवं शशि पटेल असिस्टेंट डायरेक्टर जिला उद्योग एवं व्यापार केन्द्र रायगढ़ शामिल रहें हैं।

उक्त भ्रमण कार्यक्रम में आर.डी. खूंटे प्रभारी अधिकारी छत्तीसगढ़ हस्तशिल्प विकास बोर्ड रायगढ़ द्वारा विभागीय जानकारी एवं शिल्पियों की जानकारी के साथ ही विभागीय योजनाओं से अवगत कराया गया एवं अशोक कुमार मिरी डिजाईनर द्वारा नये-नये डिजाईन, विपणन एवं शिल्पियों के विकास के बारे में जानकारी दी गई। भोगीलाल झारा मास्टर क्राफ्टसमेन द्वारा डिजाईन वर्कषॉप में तैयार प्रोटोटाईप कलाकृतियो को प्रत्यक्ष ढ़लाई कर दिखाया गया। छत्तीसगढ़ हस्तशिल्प विकास बोर्ड, रायगढ़ के कर्मचारी कालिया कान्हू सिदार, समस्त 40 प्रशिक्षणार्थी एवं बड़ी संख्या में ग्राम एकताल एवं धनुहारडेरा के बेलमेटल हस्त शिल्पकार एवं ग्रामवासी उक्त अध्ययन भ्रमण कार्यक्रम में शामिल हुए।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-२21359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com, RNI NO :- CHHHIN/2018/76480